आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

● वर्ष- 15 अंक-297 ● कटनी ● शनिवार, 4 दिसम्बर, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● कृष्ण पक्ष-15 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935



हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिंन करें

WWW.yashbharat.co.in


## साल के आखिरी सूर्य ग्रहण की शुरुआत



**नई दिल्ली।** साल के आखिरी सूर्य ग्रहण की शुरुआत हो चुकी है। भारतीय समयानुसार सूर्य ग्रहण की शुरुआत सुबह 10 बजकर 59 मिनट से हो गई है और यह दोपहर 3 बजकर 7 मिनट पर रहेगा। यानी इसकी कुल अवधि 4 घंटे 4 मिनट रहेगी। भारत में यह नहीं दिखाई देगा इसलिए सूतक काल भी नहीं रहेगा यह सूर्य ग्रहण अंटार्कटिका, दक्षिण अफ्रीका, अटलांटिक के दक्षिणी भाग, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अमेरिका में दिखाई दे रहा है।

# मप्र में नए वैरिएंट ओमिक्रॉन का खतरा

## 17 से 19 दिसंबर तक होने वाली IAS सर्विस मीट स्थगित

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में कोरोना के नए वैरिएंट ओमिक्रॉन के खतरे को देखते हुए IAS सर्विस मीट को स्थगित कर दिया गया है। यह मीट भोपाल में 17 से 19 दिसंबर तक प्रस्तावित थी। इसका शुभारंभ मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान करने वाले थे। एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं अपर मुख्य सचिव आईपीसी केसरी ने बताया कि कोरोना के नए वैरिएंट के फैलने की आशंका को ध्यान में रख कर मीट को स्थगित करने का फैसला लिया गया है। केसरी ने आयोजन को टालने की सलाह दी थी। मुख्यमंत्री ने कहा है कि कोरोना के नए वैरिएंट ओमिक्रॉन का सामना जनभागीदारी मॉडल पर किया जाएगा। हम संकट के मुहाने पर खड़े हैं। दिल्ली में निजी चैनल से शुक्रवार को बात करते हुए उन्होंने कहा कि मिल-जुलकर संभावित संकट का मुकाबला करेंगे। बता दें कि पिछले एक महीने में विदेश यात्रा से इंदौर लौटे करीब 100 लोगों की तलाश स्वास्थ्य विभाग कर रहा है। अच्छी बात यह है कि विदेश से आए 50 लोगों की जांच हो चुकी है। वे कोरोना वायरस से संक्रमित नहीं मिले हैं। मध्य प्रदेश सरकार ने नए वैरिएंट के चलते कोरोना की तीसरी लहर के खतरे से निपटने के लिए थ्री-टी रणनीति बनाई है। थ्री-टी यानी टेस्टिंग, ट्रैकिंग और ट्रीटमेंट। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने अलर्ट जारी



किया है। इसमें RT-PCR में पॉजिटिव आने वाले सभी मरीजों का अनिवार्य रूप से जीनोम सीक्वेंसिंग कराने के निर्देश दिए गए हैं। प्रदेश के सभी कलेक्टर्स, मेडिकल कॉलेजों के डीन, सीएमएचओ और सिविल सर्जन को यह निर्देश भेजा गया है। उन्हें कहा गया है कि कोविड की RT-PCR टेस्ट में पॉजिटिव रिपोर्ट आने पर मरीज के सैंपल जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए अनिवार्य रूप से भिजवाएं। मंत्रालय ने 30 नवंबर को ही यह आदेश जारी किया। थ्री-टी रणनीति की सलाह केंद्रीय

### सीएम ने कहा- हम संकट के मुहाने पर

स्वास्थ्य मंत्रालय ने दी है। इसके मुताबिक जीनोम सीक्वेंसिंग के जरिए सबसे पहले कोरोना वायरस के वैरिएंट की पहचान करें, फिर तत्काल ट्रेसिंग करते हुए जरूरी सर्विलांस गतिविधियों का पालन करें। मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रदेश में ऑक्सीजन संयंत्र, वेंटिलेटर सहित अन्य सभी आपातकालीन व्यवस्थाएं कर ली गई हैं। हमारा प्रयास होगा कि इन सबकी जरूरत ही न पड़े। मास्क, शारीरिक दूरी व अन्य सावधानियों का कड़ाई से पालन करने के लिए वातावरण तैयार किया जा रहा



# 3 राज्यों पर तूफान जवाद का खतरा

## बंगाल की खाड़ी से उठा साइक्लोन आज आंध्र और ओडिशा से टकराएगा, बंगाल में भारी बारिश की आशंका

**नई दिल्ली।** बंगाल की खाड़ी में उठा तूफान जवाद के शनिवार सुबह ओडिशा और आंध्र प्रदेश के तटवर्ती इलाकों से टकराएगा। इसके साथ ही रविवार दोपहर तक तूफान के पुरी तट से भी टकराने की आशंका है। यास और गुलाब के बाद यह तीसरा तूफान है जो इस साल ओडिशा पहुंच रहा है। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए एनडीआरएफ की 46 टीमें तैनात की गई थीं। मौसम विज्ञान विभाग के डीजी मृत्युंजय महापात्र ने बताया कि चक्रवात रविवार दोपहर के आसपास पुरी जिले के सबसे करीब होगा। तूफान के कारण शनिवार और रविवार की सुबह आंध्र और ओडिशा में तेज बारिश होगी। रविवार को ही तूफान बंगाल की खाड़ी की ओर वापस लौट जाएगा। तब बंगाल के कुछ इलाकों में भारी बारिश हो सकती है।

### 110 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी

इस दौरान करीब 110 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं भी चलेंगी। इन हवाओं का सबसे ज्यादा असर विशाखापत्तनम, श्रीकाकुलम, पुरी, गंजम, गजपति, भद्रक, बालासोर और नयागढ़ जिलों पर पड़ने की आशंका है। मौसम विभाग ने सोमवार तक सभी मछली पकड़ने, पर्यटन और गहरे समुद्र में न जाने की सलाह दी है।

### UGC-NET की परीक्षा रद्द

ओडिशा और आंध्र प्रदेश में जारी रेड अलर्ट के कारण 5 दिसंबर को होने वाली GC-NET की परीक्षा (दिसंबर 2020 और जून 2021) रद्द कर दी गई है। इसे रीशेड्यूल की गई है। इसकी संशोधित डेटाशीट बाद में अपलोड की

## फटाफट खबरें

### टंट्या मामा बलिदान दिवस कार्यक्रम के लिए निकली बस खंडवा में पलटी, 15 घायल

**खंडवा।** इंदौर में टंट्या मामा बलिदान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के लिए आदिवासी ब्लाक खालवा से जा रही बस ग्राम सेल्दा के पास पलट गई। हादसे में करीब 15 लोगों घायल हुए हैं। सभी को मामूली चोट आने पर जावर अस्पताल में उपचार किया गया। आदिवासी क्षेत्र खालवा के ग्राम खारी टिमरनी से टंट्या मामा बलिदान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लोए बस में करीब 35 लोग सवार हुए थे। बस जावर थाना क्षेत्र के चारखेड़ा से होते हुए इंदौर जा रही थी। इस बीच ग्राम सेल्दा के पास बस अनियंत्रित होकर पलट गई। घायलों का कहना है कि ड्राइवर बस को तेज गति से चला रहा था। ड्राइवर ने एक वाहन को ओवर टेक किया, जिससे बस अनियंत्रित होकर पलट गई। घटना की जानकारी लगने पर जावर पुलिस ने घटना स्थल पहुंचकर घायलों को जावर अस्पताल पहुंचाया।

### पीएम मोदी रखेंगे दिल्ली-देहरादून कॉरीडोर की नींव

**देहरादून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को देहरादून का दौरा करेंगे। उत्तराखंड में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पीएम मोदी का यह दौरान बहुत अहम माना जा रहा है। पीएम मोदी देहरादून में 18 हजार करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। इसके बाद वह परेड मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगे। इस तरह भाजपा मिशन 2022 की जबरदस्त शुरुआत करने जा रही है। जानकारी के मुताबिक, पीएम मोदी जिन 11 प्रोजेक्ट्स की नींव रखी जाएगी, उनमें दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर (ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे जंक्शन से देहरादून तक) शामिल है। देहरादून में चाइल्ड फ्रेंडली सिटी प्रोजेक्ट की आधारशिला भी रखेंगे।

### बालाघाट में नक्सलियों ने फिर दिया वारदात को अंजाम, जलाया रोड रोलर

**बालाघाट।** बालाघाट के जंगल में नक्सली लगातार वारदातों को अंजाम देकर दहशत फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। बीती रात एकबार फिर से नक्सलियों ने लांजी थाना क्षेत्र के देवरबेली चौकी अंतर्गत निर्माण कार्य में लगे रोड रोलर वाहन को जलाकर दहशत फैलाने का प्रयास किया है। इतना ही नहीं नक्सलियों ने उक्त रोड को बंद कर एक नक्सली बैनर भी बांध दिया है और पर्चे भी फेंके हैं। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों तक आसानी से पहुंचने के लिए सडक निर्माण किए जा रहे है।

### भारत 325 पर ऑलआउट

मुंबई। भारत और न्यूजीलैंड के बीच मुंबई में दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन का खेल जारी है। जहां पहली पारी में टीम इंडिया 325 रनों पर ऑलआउट हो गई। न्यूजीलैंड के लेफ्ट आर्म स्पिनर एजाज पटेल ने इतिहास रचते हुए पारी के सभी 10 विकेट अपने नाम किए। एजाज पटेल पूर्व भारतीय कप्तान अनिल कुंबले और इंग्लैंड के पूर्व गेंदबाज जिम लेकर के बाद एक पारी के सभी विकेट लेने वाले दुनिया के सिर्फ तीसरे बॉलर बने। मयंक के विकेट के बाद एजाज ने अक्षर पटेल (52) को LBW आउट किया। अक्षर को अंपायर ने नॉटआउट दिया था, लेकिन न्यूजीलैंड ने रिव्यू लिया और उसमें नजर आया कि गेंद स्टंप की लाइन को हिट कर रही थी। एजाज की ये 8वीं विकेट रही। इसके साथ ही एजाज भारत के खिलाफ एक पारी में सबसे ज्यादा लेफ्ट आर्म स्पिनर भी बन गए।


देखें खेल पेज भी


# मप्र की बसपा विधायक रामबाई का नौलखा डांस

**दमोह।** मुझे नौलखा मंगा दे रे ओ सैंया दीवाने... 1984 में आई फिल्म शराबी का यह गीत आज भी लोगों को थिरकने पर मजबूर कर देता है। व्यक्ति चाहे आम हो या खास। अब इस गीत पर थिरकी हैं, अपने दबंग अंदाज के लिए चर्चा में रहने वाली मध्यप्रदेश के पथरिया की बसपा विधायक रामबाई।

**भांजे की शादी में मुझे नौलखा मंगा दे रे ओ सैंया दीवाने गाने पर जमकर थिरकीं**

रामबाई ने एक्ट्रेस जयाप्रदा की तरह ही हर स्टेप को बखूबी किया। उनके इस डांस की खूब चर्चा हो रही है। विधायक रामबाई परिहार ने सीहोर में यह डांस किया। रामबाई 2 नवंबर को अपने भांजे के शादी समारोह में शामिल होने पहुंची हैं। वहां लेडीज संगीत के दौरान उन्होंने मंच पर जमकर डांस किया।बिंदास अंदाज को लेकर चर्चा में रहती हैं विधायक यह पहला मौका नहीं है, जब विधायक रामबाई डांस को लेकर चर्चा में हैं। इसके पहले भी वह कई धार्मिक आयोजनों में इस तरह से डांस कर चुकी हैं। डांस के साथ उन्हें गाने का भी शौक है। उन्होंने डांस खुद ही सीखा है। इसके अलावा, रामबाई अपने दबंग अंदाज के लिए भी जानी जाती हैं। कई बार अधिकारियों को फटकार लगाते हुए और कर्मचारियों के भ्रष्टाचार पर उनसे पैसे वापस कराने जैसे मामले सामने आ चुके हैं। रामबाई ने राजनीतिक जीवन की शुरुआत जिला पंचायत सदस्य के चुनाव से की थी। वे जिला पंचायत उपाध्यक्ष रहीं। 2018 विधानसभा चुनाव में उन्होंने बसपा की सीट पर पथरिया से जीत हासिल की। कांग्रेस की जोड़-तोड़ की सरकार को उन्होंने अपना समर्थन दिया था।

# शिवसेना ने दिया ममता को झटका

## सामना में लिखा- कांग्रेस को अलग कर नहीं हो सकता मोदी से मुकाबला



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के यूपीए से अलग होकर तीसरे मोर्चे बनाने के मनसूबे पर शिवसेना पानी फेरती हुई नजर आ रही है। शिवसेना ने च्सामनाज् की संपादकीय में स्पष्ट किया है कि कांग्रेस को अलग करके मोदी का मुकाबला नहीं किया जा सकता है। शिवसेना ने कहा कि कांग्रेस को राष्ट्रीय राजनीति से दूर रखकर सियासत करना यानी मौजूदा 'फासिस्ट' राज की प्रवृत्ति को बल देने जैसा है। शिवसेना ने यह भी लिखा है कि कांग्रेस से जिनका मतभेद है, वह रखकर भी यूपीए की गाड़ी आगे बढ़ाई जा सकती है।



# दक्षिण अफ्रीका दौरे पर जाएगी टीम इंडिया

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की सालाना बैठक से पहले सचिव जय शाह ने कहा कि भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका में 3 टेस्ट और 3 वनडे खेलने के लिए तय कार्यक्रम के मुताबिक रवाना होगी। हालांकि इसके बाद खेलने जाने वाले टी20 मैच अभी नहीं होंगे। कार्यक्रम के मुताबिक, टीम इंडिया को 9 दिसंबर को जोहानिसबर्ग के लिए रवाना होना है। इसके बाद 17 दिसंबर 2021 से 26 जनवरी 2022 तक 3 वनडे, 3 टेस्ट और 4 टी20 मुकाबले खेलना थे। शनिवार को BCCI की सालाना बैठक होने जा रही है, जिसमें अन्य मुद्दों के साथ दक्षिण अफ्रीका दौरे (Indian cricket team in South Africa in 2021 22) पर भी चर्चा होगी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, बीसीसीआई ने दौरा रद्द नहीं करने का फैसला किया है। क्रिकेट साउथ अफ्रीका ने भी कहा है कि सभी कोरोना नियमों का पालन करते हुए मैच करवाए जाएंगे। टी-20 मैच नहीं खेलने के पीछे बीसीसीआई की सोच यह है कि यदि खिलाड़ियों भारत आकर 14 दिन क्वारंटाइन होना पड़ा तो भी वेस्टइंडीज के दौरे में कोई बदलाव नहीं आएगा।

### गुजरात के शख्स ने छपवाया ऐसा शादी का कार्ड

## रह सकती है चिड़िया



**भावनगर।** शादी का सीजन चल रहा है। ऐसे वक्त में घरों में खूब वेडिंग कार्ड इकट्ठा हो जाते हैं, जिन्हें बाद में कचरे में फेंक दिया जाता है। हालांकि, बहुत से लोग हैं जो शादी को यादगार बनाने के लिए महंगे कार्ड छपवाते हैं। लेकिन गुजरात के एक शख्स ने ऐसा वेडिंग कार्ड छपवाया है कि मामला खबरों में छा गया। यह कार्ड इतना शानदार है कि एक चिड़िया इसमें आराम से रह सकती है। शिवभाई रावजीभाई गोहिल, गुजरात के भावनगर जिले के रहने वाले हैं। उन्होंने फैसला किया था कि उनके बेटे की शादी का निमंत्रण कार्ड अनोखा और यादगार होना चाहिए। इसलिए उन्होंने एक ऐसा कार्ड बनवाया, जिसे यूज करने के बाद मेहमान उसे कूड़े में फेंकने की बजाय चिड़िया के घर में तब्दील कर सकते हैं। जी हां, यह कार्ड घोंसला बन जाता है, जिसमें गौरैया या अन्य छोटी चिड़ियां आराम से रह सकती है। 45 वर्षीय शिवभाई बताया कि यह कमाल का आइडिया उनके बेटे जयेश का था। दरअसल, जयेश चाहते थे कि उनकी शादी का कार्ड ऐसा हो कि जिसका दोबरा से इस्तेमाल किया जा सके। वह नहीं चाहते थे कि लोग निमंत्रण के बाद कार्ड को कचरे में फेंक दें। यह परिवार प्रकृती प्रेमी है। इनके घर में पक्षियों के कई घोंसले हैं।

### ओमिक्रॉन के भारत में असर पर राहत भरी खबर

# नए वैरिएंट से संक्रमित मरीज ने स्वयं बताया अपना हाल

**नई दिल्ली।** कोरोना के ओमिक्रॉन वैरिएंट ने दुनियाभर में डर की स्थिति पैदा कर दी है। अब तक 38 देशों में मिल चुके इस वैरिएंट को लेकर एक्सपर्ट्स साफ कर चुके हैं कि अभी इसके असर पर कुछ भी कहना मुश्किल है। इसके बावजूद ज्यादातर देशों ने यात्रा प्रतिबंध लगाने जारी रखे हैं। इस बीच भारत में ओमिक्रॉन से संक्रमित होने वाले पहले कुछ लोगों में शामिल एक डॉक्टर ने अपने हालचाल पर जानकारी दी है। उन्होंने लक्षणों के साथ अपने परिवार के बारे में भी बताया। ओमिक्रॉन से संक्रमित डॉक्टर ने वैरिएंट को लेकर फैले डर को दूर करने की कोशिश की है। उन्होंने कहा कि जब उन्हें अपने ओमिक्रॉन से संक्रमित होने का पता चला, तो सबसे पहले खुद को शांत रखने की कोशिश की। उनके पत्नी और बच्चे भी क्वारैंटीन हो गए। डॉक्टर ने बताया कि वह बिल्कुल ठीक हैं। लेकिन एहतियात के तौर पर अभी बेंगलुरु के एक



अस्पताल में आइसोलेशन में हैं। संक्रमित होने के बाद अपने लक्षणों पर बात करते हुए डॉक्टर ने कहा, मुझे शरीर दर्द, ठंड लगने और बुखार की शिकायत हुई है। लेकिन अब तक सांस लेने से जुड़ी कोई समस्या नहीं है। उन्होंने कहा, 21 नवंबर की रात में हल्का बुखार आने के बाद मेरा अधिकतम बुखार 100 डिग्री फारहेनहाइट तक गया है। लेकिन जुकाम, कफ या बुखार जैसी परेशानियां नहीं झेलनी पड़ीं। डॉक्टर ने बताया कि बुखार आने के बाद उन्हें आरटी-पीसीआर टेस्ट में कोरोना संक्रमित होने की बात पता चल चुकी थी। वे तीन दिन होम आइसोलेशन में भी रहे। लेकिन जब हालत नहीं सुधरी तो एक निजी अस्पताल में भर्ती हो गए। उन्होंने कहा कि उनके एचआरसीटी स्कैन के नतीजों में भी फेफड़ों पर ज्यादा प्रभाव नहीं दिख रहा है। यह बदलाव उतना ही है, जितना आम कोरोना मरीजों में 3-4 दिन के अंदर दिखता है।

### कोरोना काल मेंजिस दवा की थी मारामारी

# अब उसी का उत्पादन बंद

**इंदौर।** फेबिपिरावीर और पोसाकोनाजोल जैसी दवाओं का उत्पादन शहर की दवा कंपनियों ने बंद कर दिया है। कोरोना की दूसरी लहर के बीच इसी साल मार्च-अप्रैल में पीड़ित और उनके स्वजनों ने इन जैसी तमाम जरुरी दवाओं की किल्लत भी भोगी थी। उसी दौरान शहर में इन तमाम दवाओं का उत्पादन शुरू किया गया था।अब कोरोना वायरस के नए वैरिएंट ओमिक्रोम ने दस्तक दे दी है। दवा कंपनियों को इंतजार है कि सरकार नए वैरिएंट के लिए लाइन आफ ट्रीटमेंट जारी करे तो उद्योग उन दवाओं के उत्पादन पर ध्यान दे। ताकि बीते वर्ष जैसी किल्लत इस साल न बन सके।



कोरोना की दूसरी लहर के दौरान काम में आई कुछ खास दवाओं के साथ अन्य एंटी वायरल दवाओं का उत्पादन भी सीमित मात्रा में हो रहा है इंदौर की दवा कंपनी मैकडब्ल्यू हेल्थकेयर के प्रमुख अभीजित मोतिवाले के मुताबिक ऐसी कई दवाएं है जिनकी मांग व उत्पादन आम तौर पर बहुत सीमित होता है। बीते साल फेबिपिरावीर के साथ ऐसा ही हुआ। बाद में फंगस इंफेक्शन के चलते पोसकोनाजोल की मांग भी बढ़ी। क्योंकि ये दवाएं कोरोना के उपचार से सीधे जुड़ गई। फेबिपिरावीर तब तो हिमाचल प्रदेश से यहां आ रही थी। जरुरत बढ़ी और किल्लत हुई तो ऐन वक्त पर जैसे-तैसे शहर में ऐसी दवाओं का उत्पादन शुरू हुआ।

# कैप्टन की राह पर चलेंगे गुलाम नबी आजाद?



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गुलाम नबी आजाद द्वारा जम्मू-कश्मीर में जनसभाओं की तेज रफ्तार ने अटकलों को हवा दी है कि पूर्व राज्यसभा सांसद (जो कि पार्टी में असंतुष्ट जी-23 समूह का हिस्सा भी हैं) जल्द ही अपना खुद का संगठन लॉन्च कर सकते हैं। आजाद ने अपनी चुप्पी तोड़ी है, लेकिन कांग्रेस की आलोचना करते हैं। पुंछ में एक जनसभा में उन्होंने कहा कि वह 2024 के चुनावों में कांग्रेस को 300 सीटें जीतता नहीं देख रहे हैं। संसद में जम्मू-कश्मीर के विशेष दर्जे को रद्द करने के अपने कड़े विरोध के बाद, आजाद ने कहा कि उनकी एकमात्र मांग राज्य की बहाली और विधानसभा चुनाव कराने की है। गुलाम नबी आज़ाद अनुच्छेद 370 पर अपने बयान के लिए हो रही आलोचना का जवाब दे रहे थे। जम्मू-कश्मीर कांग्रेस में गुलाम नबी आजाद के करीब 20 वफादारों ने पिछले दो हफ्तों में अपनी पार्टी के पदों से इस्तीफा दे दिया है। अपने त्यागपत्रों में नेताओं ने गुलाम अहमद मीर को राज्य इकाई के प्रमुख के पद से हटाने सहित कांग्रेस में व्यापक बदलाव के बारे में सवाल उठाया है।

# एक झटके में घटी दुनिया के रईसों की दौलत

**नई दिल्ली।** शुक्रवार को दुनिया के सबसे अमीर शख्स और टेस्ला व स्पेसएक्स के मालिक एलन मस्क को तगड़ा घाटा हुआ है। एक रिपोर्ट के अनुसार, शुक्रवार को टेस्ला इंक के शेयरों में घाटा बढ़ने से मस्क की संपत्ति में 15.2 अरब डॉलर (1 लाख 13 हजार 208 करोड़ रुपये) की कमी आई है। इसमें कहा गया कि महंगाई और आर्थिक तंगी की संभावनाओं के चलते टेक शेयरों में गिरावट देखने को मिली और इसका बड़ा असर टेस्ला पर दिखा है।



### टेक शेयरों में गिरावट का असर

बिलेनियर इंडेक्स रिपोर्ट के मुताबिक, टेस्ला इंक के शेयरों का भाव कम होने के कारण शुक्रवार को एलन मस्क की दौलत घटकर 268.9 अरब डॉलर पर आ गई। गुरुवार तक मस्क की कुल दौलत लगभग 284 अरब डॉलर थी। दुनिया के दूसरे अमीरों की संपत्ति में गिरावट दर्ज की गई है। इसमें मस्क के बाद सबसे ऊपर अमेजन के जेफ बेजोस का आता है। बेजोस की संपत्ति में 2.7 अरब डॉलर की गिरावट आई है। अमेजन इंक के शेयर शुक्रवार को 1.4 फीसदी तक टूट गए। इस गिरावट के बाद जेफ बेजोस की कुल संपत्ति कम होकर 195 अरब डॉलर रह गई। रिपोर्ट के अनुसार, शीर्ष 10 अमेरिकी टेक अरबपतियों की कुल संपत्ति में संयुक्त रूप से 27.4 अरब डॉलर की गिरावट आई है। जुकरबर्ग-लैरी समेत इन्हें भी नुकसान एलन मस्क और जेफ बेजोस के साथ दुनिया के कई और अरबपतियों की संपत्ति भी घटी है। रिपोर्ट में बताया गया कि इस सूची में ओरेकल कॉर्प के सह-संस्थापक लैरी एलिसन, फेसबुक के मार्क जुकरबर्ग, बरनार्ड अरनॉल्ट और बिल गेट्स भी शामिल हैं। इन रईसों की संपत्ति भी एक झटके में काफी कम हो गई। रिपोर्ट में दिए गए आंकड़ों को देखें तो लैरी एलिसन की दौलत में 2.6 अरब डॉलर की कमी आई है, तो मार्क जुकरबर्ग की संपत्ति 1.3 अरब डॉलर घटकर 114.7 अरब डॉलर रह गई है।

### बेंगलुरु से एक ओमिक्रॉन संक्रमित लापता

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में ओमिक्रॉन से संक्रमित मिले 2 लोगों में से एक व्यक्ति लापता है। राज्य सरकार ने बताया कि एक निजी लैब से कोविड निगेवटिव सर्टिफिकेट मिलने के बाद से वह शख्स लापता है। प्रशासन उन 10 और लोगों का पता लगाने की कोशिश कर रहा है जो हवाईअड्डे से लापता हो गए थे। कर्नाटक के राजस्व मंत्री आर अशोक ने ओमिक्रॉन पर शुक्रवार को टॉप अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि लापता लोगों का जल्द पता लगाया जाना चाहिए। वहीं, बेंगलुरु महानगरपालिका के कमिश्नर गौरव गुप्ता ने बताया कि सभी लापता विदेशी नागरिक दक्षिण अफ्रीकी देशों से आए हैं।




# विधायक संजय पाठक के प्रयासों से विद्युत समस्या का हुआ निराकरण

## धनवाही से कुटेश्वर में विद्युत सप्लाई से क्षेत्रवासियों में हर्ष व्याप्त



**कटनी।** विजयराघवगढ़ विधानसभा क्षेत्र के डूब प्रभावित क्षेत्रवासियों हो हर संभव मदद दिलाने के लिए कृत संकल्पित क्षेत्रीय विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक ने फिर अभिनव पहल की है । जिसके तहत् सतना जिले के बदेरा उपकेन्द्र से इटमां गांव तक चार किलोमीटर विद्युत तार की क्षमता वृद्धि के साथ सतत विद्युत आपूर्ति का कार्य निरंतर जारी है। म.प्र. विद्युत मंडल के अधीक्षण यंत्री संजय अरोरा एवं कार्यपालन यंत्री ग्रामीण डी के सोनी ने जानकारी देते हुये बतलाया कि बाणसागर डूब क्षेत्र से लगे ग्राम कुटेश्वर, इटौरा, रमपुरवा टोला एवं इटौरा नई बस्ती के ग्रामीण कृषकजन पिछले चार माह से लो वोल्टेज की समस्या से पीड़ित थे, उक्त ग्रामों में बदेरा विद्युत उपकेन्द्र से विद्युत सप्लाई होती थी, जो लंबी दूरी के कारण लो वोल्टेज का सामना करना पड़ता था। तत्संबंधी समस्या संज्ञान में लाये जाने पर विधायक श्री पाठक ने स्टाफ एवं विद्युत विभाग के आला अधिकारियों को तत्काल समाधान हेतु दिशा-निर्देश दिये। जिस पर कटनी-सतना के विद्युत अधिकारियों से समन्वय कराकर स्टाफ ने 2 किलोमीटर 11 के.व्ही. नवीन विद्युत लाइन की राशि कंपनी स्तर पर स्वीकृत कराकर बदेरा के स्थान पर सतना जिले के धनवाही उपकेन्द्र के नवीन विद्युत लाइन स्थापित कराई और वहां से कुटेश्वर के मध्य नवीन विद्युत लाइन डलवाई जाकर, उक्त चारों गांवों की नवीन सप्लाई प्रारंभ कराई गई। जिससे उक्त क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति सामान्य हो जाने पर ग्रामीण/कृषकजन लाभान्वित हुये। उक्त बहुप्रतीक्षित समस्या का निरकारण कराने पर समस्त संबंधित ग्रामवासियों ने विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक का आभार व्यक्त किया है।

## श्रीमती भारती शर्मा को डाक्टरेट की उपाधि प्राप्त



**कटनी।** सायना किड्स स्कूल, कटनी में प्रधानाध्यापिका के पद पर पदस्थ श्रीमती भारती शर्मा को उनके शोध कार्य विषय मध्यप्रदेश के विशेष संदर्भ में पर्यटन के माध्यम से विदेशी मुद्रा उत्पादन का एक अध्ययन के पूर्ण होने पर रानीदुर्गावती विश्वविद्यालय द्वारा पी. एच. डी. की उपाधि प्रदान की गई है। आपने अपना शोध कार्य गोविंद राम सेकसरिया (जी.एस.) कार्मस कॉलेज, जबलपुर के प्राचार्य डॉ सुनील कुमार पाहवा के मार्गदर्शन में पूर्ण किया। आशा है कि आपका शोध कार्य पर्यटन के क्षेत्र में विदेशी मुद्रा भंडारण के लिए नए आयाम स्थापित करेगा। ज्ञात हो कि श्रीमती शर्मा सायना इंटरनेशनल सकूल कटनी के प्राचार्य डॉ आदित्य कुमार शर्मा की धर्मपत्नी हैं जो एक शिक्षाविद एवं राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित प्राचार्य हैं।



**अभिभावक जन कल्याण संघ ने की कार्यवाही की मांग**

## सेंटपॉल स्कूल में उड़ रही सरकार के निर्देशों की धज्जियां

**कटनी।** मध्य प्रदेश शासन के आदेशों के विरुद्ध ऑनलाइन कक्षा का संचालन नहीं करने एवं शत प्रतिशत क्षमता के साथ स्कूल का संचालन करने को लेकर अभिभावक जन कल्याण संघ ने कमिश्नर जबलपुर संभाग, कलेक्टर कटनी, संयुक्त शिक्षण संचालकए जिला शिक्षा अधिकारी एवं प्राचार्य, सेंटपॉल स्कूल को एक ज्ञापन सौंपा है।

ज्ञापन में संघ के प्रदेशाध्यक्ष हेमन्त पटेल एवं प्रदेश उपाध्यक्ष रूपेश पहारिया ने कहा कि संस्था को लगातार कटनी जिले से शिकायत मिल रही है कि सेंटपॉल स्कूल द्वारा मध्यप्रदेश शासन के आदेशों के विरुद्ध 100 प्रतिशत छात्र संख्या के आधार पर स्कूल का संचालन किया जा रहा है, जो मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं प्रदेश सरकार के एसओपी के अंतर्गत आदेशों का उल्लंघन है।

जिस संजीदगी से प्रदेश सरकार द्वारा कोरोना वायरस के नए वेरिएंट ओमीक्रोम को रोकने की व्यवस्था की जा रही हैए इस तरह के नियम विरुद्ध क्रियाकलापों से कटनी जिले में कोरोना वायरस के केस बढ़ सकते हैं ए जो कि भारत सरकार तथा मध्य प्रदेश सरकार के अलावा कटनी जिले के लिए अत्यंत चिंता का विषय है।

ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि इसलिए इन समस्याओं को ध्यान रखते मध्यप्रदेश शासन द्वारा जारी किए गए दिशा निर्देशों का पालन तत्काल प्रभाव से सेंट पॉल स्कूल कटनी को करने के लिए निर्देशित किया जाए तथा ऑनलाइन शिक्षा को भी जो स्कूल के द्वारा बंद कर दी गई है उसे चालू करने के निर्देश जारी किए जाएं। ज्ञापन की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री कार्यालय वल्लभ भवन भोपालए गृहमंत्री, स्कूल शिक्षा राज्यमंत्री इंदर सिंह परमार एवं राज्य बाल संरक्षण आयोग भोपाल को भी प्रेषित की गई है।

# जागरूकता ही एड्स से बचाव का उपाय




**रीठी महाविद्यालय में संगोष्ठी**

**कटनी।** राजीव गाँधी कला व वाणिज्य महाविद्यालय रीठी की राष्ट्रीय सेवा योजना ने अंतर्राष्ट्रीय विश्व एड्स दिवस जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ सुरेंद्र प्रताप सिंह ने अपने उद्बोधन में एड्स के इतिहास के बारे में बताया व इसकी रोकथाम की जागरूकता बढ़ाने हेतु प्रेरणादायी आव्हान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय उपप्राचार्य डॉ मनोज खरे ने एड्स के कारण होने वाले दुष्प्रभावो पर गहन चिंतन व्यक्त किया। विशिष्ट अतिथि कला संकाय विशिष्ट अतिथि सहायक प्राध्यापक राजनीति शास्त्र भानुप्रताप मिश्रा ने अपने उद्बोधन में एड्स बीमारी के सम्बन्ध में एड्स फैलता है असुरक्षित यौन सम्बन्ध स्थापित करने से, एड्स पीड़ित व्यक्ति का रक्त ग्रहण करने से असुरक्षित इंजेक्शन की निडल से असुरक्षित नाई के औजारो से जो पहले किसी एड्स पीड़ित व्यक्ति के सम्पर्क में रहे हो, किसी एड्स पीड़ित महिला के गर्भ में पोषित होने वाले शिशु को आदि के बारे मेंअपने विचार रखे। कार्यक्रम में कला संकाय विभागाध्यक्ष डॉ श्रीमती ज्योति राजपूत सहायक प्राध्यापक संतोष केवट, सतीश तिवारी, डॉ बीरेंद्र प्रताप सिंह राजपूत, ग्रन्थपाल अरविंद मेहरा, भोलाराम पटेल, विनयशंकर दुबे, भरत पटेल, सहायक प्राध्यापक आर के निगम, सुरेश श्रीवास्तव, सुनील श्रीवास, राजकिरण सिंह, आशीष तिवारी, आनंद पटेल, रोहित पटेल, बराती लाल, रघुराज सिंह, दीपक कुशवाहा, संजय गौतम व समस्त रासेयो के स्वयं सेवक व छात्र छात्राये की उपस्थति व सहयोग रहा।

**ट्रेनों से स्पेशल का टैग हटते ही शुरू हुई कवायद**

# आईआरसीटीसी ने किया ऑनलाइन टिकट बुकिंग के नियमों में बदलाव



**कटनी।** आईआरसीटीसी ने ऑनलाइन टिकट बुकिंग के नियमों में परिवर्तन किया है। दरअसल कोरोना काल में ट्रेनों के परिचालन को लेकर जो पाबंदी लगाई गई थी उसे वापस लिया जा रहा है। यही कारण है कि आईआरसीटीसी की टिकट बुकिंग सेवा में कुछ परिवर्तन हुआ है। गौरतलब है कि कोरोना काल में स्पेशल के रूप में चल रही ट्रेनों को फिर से उनके पुराने नंबर के साथ चलाया जा रहा है। स्पेशल टैग वापस लिया जा चुका है। ट्रेनों में पका हुआ खाना भी यात्रियों को मिलना शुरू हो चुका है। रेल यात्रियों की संख्या बढ़ती जा रही है। ऐसे में ऑनलाईन रेल टिकट बुकिंग करने के तौर तरीके में भी बदलाव किया गया है। टिकट काउंटर पर लंबी कतारें नहीं लगती। रेल यात्री अब आईआरसीटीसी के पोर्टल पर ऑनलाइन टिकट बुक कर यात्रा कर रहे हैं। अगर आप भी अपनी रेल यात्रा के लिए इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन यानी आईआरसीटीसी वेब पोर्टल से ऑनलाइन टिकट बुक करते हैं तो आपको जानना जरुरी है की आईआरसीटीसी ने टिकट बुकिंग के नियमों में कई महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं जो लोग ऑनलाइन टिकट बुक करते हैं। उनको पहले अपनी एक आईडी बनानी पड़ती है। जिसमें आईडी बनाने वाले का ईमेल और मोबाईल नंबर मांगा जाता था लेकिन टिकट बुकिंग प्रोसेस को पूरा करने के लिये आईआरसीटीसी ने नियमों में कुछ बदलाव किए हैं।

### इस तरह होगा यात्री का वेरिफिकेशन

-पहले आईआरसीटीसी के वेब पोर्टल पर जाएं।
-फिर वेरिफिकेशन विंडो ओपन होगी।
-अपना ईमेल आईडी और मोबाईल नंबर लिखें।
-अब आपको एक तरफ एडिट और एक तरफ वेरिफाई का विकल्प दिखाई देगा।
-एडिट विकल्प को क्लिक करके आप चाहें तो अपना ईमेल और मोबाईल नंबर चेंज कर सकते हैं।
-अब वेरिफिकेशन का विकल्प पर क्लिक करने के बाद मोबाईल नंबर पर एक ओटीपी आएगा जिसको डालने पर नंबर वेरिफाई हो जाएगा।
-इसी प्रकार आप अपना ईमेल भी वेरिफाई कर सकते हैं।
-अगर यात्री का पहले से ईमेल और मोबाईल नंबर वेरिफाई है तो वेरिफिकेशन की आवश्यकता नहीं है।

### आईआरसीटीसी पोर्टल पर अब इस तरह बुक होगा टिकट

रेल सफर करने के लिये यात्री आईआरसीटीसी के पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन टिकट बुक करते हैं। इस पोर्टल पर टिकट बुक करने के लिए यात्री को पहले अपनी एक आईडी पासवर्ड बनाना पड़ता है। आईडी बनाने के लिए यात्री को अपनी ईमेल आईडी और मोबाईल नंबर की डिटेल देनी पड़ती है। ईमेल और मोबाइल नंबर का ऑनलाईन ओटीपी के जरिये वेरिफिकेशन किया जाता है उसके बाद ही यात्री अपना टिकट बुक कर सकते हैं।

### रेल टिकट बुकिंग के नए नियम

भारतीय रेल देश भर में कई ट्रेनों का परिचालन शुरू कर चुका है। ऐसे में आईआरसीटीसी के वेब पोर्टल पर टिकट बुकिंग भी बढ़ती जा रही है। ऐसे में आईआरसीटीसी अब टिकट बुक करने वाले यात्री के मोबाईल नंबर और ईमेल आईडी को अब वेरीफाई करेगा। वेरिफिकेशन के बाद ही अब यात्री अपना ऑनलाइन टिकट बुक कर पाएंगे। आईआरसीटीसी के अधिकारियों के मुताबिक दरअसल कोरोना काल के दौरान कई अकाउंट निष्क्रिय हो गये हैं उन्हें चिन्हित किया जा रहा है।

## 5 दिसम्बर तक शेष पेंशन हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन कराने के निर्देश

**कलेक्टर ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को कार्रवाई करने के लिए कहा**

**कटनी।**

कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने जिले के समस्त पेंशनल हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन कराये जाने के संबंध में आयुक्त नगर पालिक निगम, जनपद पंचायतों के सीईओ और नगर परिषदों के सीएमओ को आवश्यक निर्देश जारी किये हैं। जारी निर्देशों में कहा गया है कि जिले के समस्त पेंशन हितग्राहियों का एम पेंशन मित्र एप के माध्यम से विशेष अभियान चलाकर सचिव ग्राम पंचायत व ग्राम रोजगार सहायक के सहायोग से पेंशन हितग्राही की फोटो खींचकर जियो टैग कर निर्धारित समय सीमा में सत्यापन की कार्यवाही सुनिश्चित करें। 25 नवम्बर 2021 तक जिले के कुल पेंशन हितग्राहियों 91 हजार 261 में से 64 हजार 802 का सत्यापन हुआ है। भैतिक सत्यापन से शेष बचे हितग्राहियों 26 हजार 459 का सत्यापन किया जाना शेष है। शेष हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन 5 दिसम्बर तक पूर्ण करने के निर्देश कलेक्टर श्री मिश्रा ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिये हैं। सत्यापन पूर्ण न होने पर यदि अपात्र हितग्राही को पेंशन राशि का भुगतान होता है, तो सम्पूर्ण जवाबदारी संबंधित निकाय प्रमुख की होगी। इसके साथ ही जारी निर्देशानुसार इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी कलेक्टर ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिये हैं।

## बेघर हो गए 60 से 70 परिवार, बिना सूचना दिए तोड़े गए मकान

**मकान तोड़े जाने के बाद खुले आसमान के नीचे रह रहे परिवार**







**कटनी।** कलेक्ट्रेट मुख्यालय के समय दुगाड़ी नाला के ठीक बाजू से सरकारी जमीन पर बरसों से कच्चा आशियाना बनाकर रह रहे लगभग 60 से 70 परिवारों के घर जमींदोज किए जाने के बाद अब वे खुले आसमान के नीचे रात बिताने को मजबूर हो गए हैं।शुक्रवार को बेघर हुए परिवार के लोग बरगंवा स्थित जिला इंटक परिषद कार्यालय पहुंचे। इंटक कार्यालय में इंटक जिलाध्यक्ष बीएम तिवारी से बड़ी संख्या में पहुंची महिलाओं ने आपबीती बताई। महिलाओं में रामा तिवारी, वर्षा रजक, अनीता विश्वकर्मा आदी का कहना है कि बिना कोई सूचना दिए उनके घर गिरा दिए गए। पाई पाई से जोड़ी गृहस्ती का सामान बिखर गया है। महिलाओं ने कहा कि कड़ाके की ठंड में खुले आसमान के नीचे परिवार के साथ दिन गुजारने को मजबूर हैं। गौरतलब है कि 2 दिन पूर्व कलेक्ट्रेट के समीप जो गाड़ी नाला के बाजू से सरकारी जमीन में काफी परिवारों के घरों को प्रशासन ने तोड़ दिया था मकान तोड़े जाने के बाद अब बेघर हुए लोग ठंड में दर.दर भटकने को मजबूर हो रहे हैं।इंटक अध्यक्ष बीएम तिवारी का कहना है कि मौके पर नायब तहसीलदार श्री मिश्रा पहुंचे और उनसे बातचीत की गई। तहसीलदार ने उचित भरोसा दिलाया है।महिलाओं ने कहा कि एकाएक भारी अमले के साथ प्रशासनिक अधिकारी पहुंचे और सभी घरों को जमींदोज कर दिया।कहीं कोई सुनवाई नहीं हुई और महिलाएं चीखती चिल्लाती रही। इंटक परिषद की ओर से जिला प्रशासन को एक ज्ञापन भी सौंपा गया है। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता रामनरेश त्रिपाठी, राजा जगवानी, देवीदीन गुप्ता आदि मौजूद थे।



## निबंध एवं स्लोगन प्रतियोगिता के माध्यम से दिया स्वच्छता का संदेश

**कटनी।** स्वचछ सर्वेक्षण 2022 की गतिविधियों से नागरिकों को अवगत कराकर नगर की सफाई व्यवस्था में सकारात्मक सहयोग प्राप्त करनें के उद्धेश्य से निगम प्रशासन द्वारा रोजाना विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। आदेश जैन नें जानकारी देते हुए बताया गया स्वच्छता जागरूकता गतिविधयों के तहत एच.डी मैमोरियल स्कूल में निबंध एवं स्लोगन का आयोजन किया गया। उपयंत्री विक्रांत ब्राम्हण स्वच्छ भारत मिशन की उपस्थिति में निगम की नियुक्त संस्था के सदस्यों द्वारा प्रतियोगिता के माध्यम से स्वच्छता हेतु अपनें घरों के आसपास सफाई रखनें, घरों से निकलनें वाले गीले एवं सूखे व हानिकारक कचरे को अलग अलग डस्टबिन में रखनें तथा कचरा वाहन में अलग अलग देने, गीले कचरे से घर पर जैविक खाद तैयार करनें के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। नगर के पर्यावरण संरक्षण हेतु अमानक प्लास्टिक का उपयोग न करनें तथा पन्नियों के उपयोग को बंद कर कपडे के थैलों का उपयोग कर नगर को साफएवं स्वच्छ रखकर स्वच्छता के उच्च पायदान पर ले जानें की अपील की गई। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज


रोजाना 4 शो ता. 03 से दोपहर 1, 3.30, 6 एवं रात्रि 8.30 बजे से
तड़प
कलाकार- अहान शेट्टी, तारा सुतारिया, सौरभ शुक्ला, कुमुद मिश्रा, सुमित गुलाटी आदि।
एडवांस बुकिंग चालू है

सिटी मॉल बरही रोड में
शानदार दूसरा सप्ताह


रोजाना 3 शो ता. 03 से दोपहर 4.30, 7.30, एवं रात्रि 10 बजे से
अंतिम
(The Final Truth)
कलाकार- सलमान खान, आयुष शर्मा, महिमा मकवाना, महेश मांजरेकर, निकितिन धीर आदि।
एडवांस बुकिंग चालू है

नीरज सिनेप्लेक्स में


शानदार दूसरा सप्ताह
रोजाना 2 शो ता. 03 से दोपहर 12 एवं 3 बजे से
सत्यमेव जयते – 2
कलाकार- जॉन अब्राहम, दिव्या खोसला कुमार, हर्ष छाया, अनूप सोनी आदि।
एडवांस बुकिंग चालू है

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन:- 230033

सिटी मॉल बरही रोड में
हिंदी में


रोजाना 2 शो ता. 03 से दोपहर 12.30 एवं 2.30 बजे से
Resident Evil
(Welcome to Raccoon City)
कलाकार- टॉम हापर, अवन जोगिया, अवा ब्लेकवेल, लिली गाओ, डोनल लॉग आदि।
एडवांस बुकिंग चालू है

यश भारत
# सिटी न्यूज
कटनी, शनिवार, 04 दिसम्बर 2021

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

# मेडीकल स्टोर्स की तीन दुकानों का लाइसेंस निलंबित

खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने की कार्रवाई



**कटनी।** मेडीकल स्टोर्स का नियमानुसार संचालन हो इसके लिए खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग लगातार स्टोर्स की जांच का अभियान चला रहा है और नियमानुसार संचालन नहीं पाए जाने पर संचालकों के खिलाफ कार्रवाई भी की जा रही है। औषधि निरीक्षक द्वारा जिले के औषधि विक्रय केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया था। जिसमें तीन मेडीकल स्टोर्स में संचालन में अनियमितताएं पाई गई थीं। औषधि निरीक्षक ने बताया कि जांच में दवाइयों के क्रय-विक्रय रिकार्ड नियमानुसार संधारित न करना, वेटेरनरी की दवाइयों एव अवसान तिथि बीत चुकी दवाइयों का संधारण नियमानुसार न करना पाया गया था। अनियमितताएं पाए जाने पर दुकानों के संचालकों को शोकज नोटिस जारी किए गए थे, जिसके प्रति उत्तर में संचालकों द्वारा प्रस्तुत जवाब में संतोषजनक तथ्य व दस्तावेज उनके द्वारा प्रस्तुत नहीं किया गया। औषधि निरीक्षक ने बताया कि अधिनियम 1940 एवं नियमावली 1945 के तहत नियमों के उल्लंघन पर औषधि अनुज्ञापन प्राधिकारी कटनी द्वारा दुकानों के लाइसेंस निलंबित किए गए हैं। जिसमें माधव मेडीकोस नई बस्ती कटनी का लाइसेंस 5 दिन को, श्री राम मेडीकल नई बस्ती का लाइसेंस 4 दिन के लिए और विशाल मेडीकल स्टोर विलायतकला का लाइसेंस 3 दिनों के लिए निलंबित किया गया है। लाइसेंस निलंबन की अवधि में संचालक दवाओं का क्रय-विक्रय नहीं कर सकेंगे। औषधि निरीक्षक ने बताया कि जिले के सभी मेडीकल संचालकों को मेडीकल स्टोर्स के नियमानुसार ही संचालन करने के निर्देश प्रदान किए गए हैं और संचालन नियम विरूद्ध पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# दो दिवसीय कैरियर काउंसिलिंग कार्यशाला का हुआ आयोजन

**कटनी।** संकल्प योजना अंतर्गत कक्षा दसवीं व कक्षा 12वीं की पढ़ाई के बाद छात्र किस क्षेत्र में जाएं, जिससे वे रोजगार व स्व रोजगार से जुड़कर अपने कैरियर को बेहतर कर सकें, इसको लेकर काउंसलर व विषय विशेषज्ञ जिले के स्कूलों में जाकर छात्रों का मार्गदर्शन करेंगे। इससे पहले कलेक्टर प्रियंक मिश्रा की निर्देश पर दो दिवसीय कैरियर काउंसिलिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सभाकक्ष में आयोजित कार्यशाला में जिला रोजगार अधिकारी डीके पासी, प्रभारी महाप्रबंधक जिला व्यापार व उद्योग केन्द्र अजय श्रीवास्तव, आईटीआई प्राचार्य रंजीत रोहितास, जिला खेल अधिकारी विजय भार, सिटी मैनेजर डूडा राहुल श्रीवास्तव, एनआरएलएम जिला प्रबंधक कमलाकर, जिला समन्वयक मुकेश द्विवेदी, निरीक्षक पिछड़ा वर्ग कल्याण रंजीता जैन ने प्रशिक्षणार्थियों को छात्रों की काउंसिलिंग को लेकर प्रशिक्षण दिया। कार्यशाला में दो काउंसलर व 7 विषय विशेषज्ञ शामिल हुए। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि प्रशिक्षण के बाद काउंसलर व विषय विशेषज्ञ जिले के हाई स्कूल, हायर सेकेंडरी स्कूला में जाएंगे और कक्षा दसवी के बाद छात्रों को विषय के चयन के संबंध में और 12वीं के बाद छात्र किस क्षेत्र में जाना चाहिए, इसको लेकर छात्रों का मार्गदर्शन करेंगे। आवेदकों को रोजगार व स्वरोजगार और उनकी रूचि के अनुसार आगे क्या करना चाहिए, इन सभी विषशें को लेकर मार्गदर्शन करेंगे ताकि उनका कैरियर बेहतर हो सके।

**काउंसलर, विषय विशेषज्ञ हाईस्कूल, हायर सेकेंडरी स्कूलों में छात्रों को देंगे मार्गदर्शन**



# घर-घर जाकर लोगों को लगाया तिलक,नारियल भेंटकर दिए झंडे

**कटनी।** कटनी जिला की निवार पहाड़ी ग्राम में आचार्य श्री 108 कुलरत्न भूषण जी ने अपने प्रवचन में बताया की जैन समाज का ये झंडा है ये हमारे 24 तीर्थकरों के राज्यो के ध्वज के रंगों से बना है। 16 तीर्थकरों के राज्यो के ध्वज का रंग पीला था। भगवान राम के राज्य का रंग भी पीला था। भगवान पार्श्वनाथ और सुपार्श्वनाथजी के ध्वज का रंग हरा था।भगवान चन्द्रप्रभु और पुष्वदन्त जी का ध्वज का रंग, सफेद था, भगवान पद्दम प्रभु और वासुदेव के राज्य का ध्वज का रंग लाल था। उन सभी राज्यो के रंगों को लेकर बना है हमारा जैन धर्म का झंडा जो हमारे 24 तीर्थकर थे। प्रवचनों के बाद रात्रि 7.30 बजे जैन समाज के अध्यक्ष, बुजुगों, महिलाओं, बच्चों ने पूरे गांव के घर घर जाकर लोगो को तिलक लगाकर नारियल भेट कर झंडे दिए जो ग्राम के प्रत्येक घर मे झंडे लगेंगे। जैन समाज का पंचरंगी झंडा शान्ति का संदेश देता हैएजिओ और जीने दो का संदेश देता है। आचार्य श्री ने कहा इस झंडे को घर मे लगाने से नकारत्मक सोच सकारत्मक सोच बन जाती है लोगो को जिओ और जीने का संदेश देती है। पंचरंगी झंडे बाटने में निकले लोगो का उत्साह देखते बन रहा था। आचार्य श्री जी जड़ीबूटियों से बीमार लोगो को इलाज भी बताते है कर्नाटक भद्र गिरी तीर्थ क्षेत्र से जड़ीबूटियों से बनी दवा लोगो को मिल रही है।बड़ी संख्या में लोग बड़ी से आसाध्य रोगों के इलाज करा कर लाभ ले रहे है। झंडा बंटाने वालो में राकेश जैन कक्का, आराधना जैन, जैन समाज अध्यक्ष राकेश जैन, बाबू लाल जैन, आनंद जैन, विजय कुमार जैन, कैलाशचंद्र जैन, मुकेश जैन सुरेंद्र जैन, लक्ष्मीचंद्र जैन, रेशु जैन नवयुवक मंडल, महिला मंडल, बालिका मंडल एवं समस्त जैन समाज पहाड़ी निवार के लोग उपस्तिथ थे।



# विज्ञान शिक्षक उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन

**कटनी।** स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि जागृत करने, उनमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास करने के उद्देश्य से विद्यालयों में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। इन सभी गतिविधियों को अवगत कराने एवं सुचारु क्रियान्वयन के लिये विज्ञान शिक्षक उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन शुक्रवार को शासकीय मॉडल स्कूल झिंझरी में किया गया। जिसमें जिले के लगभग 170 विद्यालयों के विज्ञान एवं गणित विषय के शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यशाला का शुभारंभ जिला शिक्षा अधिकारी पी.पी. सिंह द्वारा किया गया। 'जादू नहीं विज्ञान है-समझाना, समझााना आसान है' के लिये जिला नोडल एवं मास्टर ट्रेनर सचिव श्रीवास्तव द्वारा इस अवसर पर विज्ञान की चमत्कारिक घटनों जैसे फोटो से भभूत निकालना, कंकाल का पानी पिलाना, थर्माकोल को कटोरी में गायब करना, नींबू का उपयोग इत्यादि का प्रदर्शन किया गया। वहीं प्रकाश मिश्रा द्वारा इनकी रासायनिक क्रियाओं के विषय में जानकारी दी। नव नियुक्त उच्च माध्यमिक शिक्षक एवं माध्यमिक शिक्षकों को विज्ञान अधिकारी आलोक पाठक द्वारा इन्सपायर अवॉर्ड, एन.पी. गुप्ता ने भी विस्तृत जानकारी उपस्थित शिक्षकों को प्रदान की। अभय जैन एवं मुकेश द्विवेदी द्वारा विभाग संबंधित विभिन्न जानकारी से उपस्थितों को अवगत कराया गया।

**खाद्य विभाग पर मिलीभगत का आरोप**

# करोड़ों से निर्मित मंडियों में धान खरीदी नहीं होने से किसान नाराज



**कटनी।** करोडों की लागत से निर्मित साख सहकारी समिति मण्डी बड़वारा एवं शासकीय कृषि उपज मण्डी बडवारा में धान खरीदी केन्द्र बनाये जाने हेतु जिला कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष करण सिंह चौहान ने कलेक्टर कटनी प्रियंक मिश्रा, संभागायुक्त जबलपुर जिला आपूर्ति अधिकारी कटनी, जिला खाद्य अधिकारी कटनी को पत्र लिखकर मांग की है उन्होंने बताया है कि बड़वारा मुख्यालय में पिछले कई वर्षो से साख सहकारी समिति एवं कृषि उपज मंडी बनी हुई है लगभग दो- दो एकड़ की भूमि में मध्यप्रदेश शासन द्वारा साख सहकारी समिति एवं कृषि उपज मंडी केंद्र बनाया गया था जिसमें एक-एक बड़ा टीन सेड निर्मित है बड़े एरिया में फर्श है तथा किसान की बैलगाड़ी व ट्रैक्टर खड़ा करने चारों तरफ से बाउंड्री निर्मित है आवाज को खरीदी से पूर्व छनाई सफाई की व्यवस्था सहित बिजली की व्यवस्था है किसान एवं पशुओं को पानी की व्यवस्था है पूर्व जिलाध्यक्ष करण सिंह चौहान ने खाद्य विभाग पर मिली भगत का आरोप लगाते हुए बताया है कि उपरोक्त खरीदी केंद्र स्थल से प्रथक कर निजी गोडाउन लखाखेरा मे धान खरीदी केंद्र बनाया गया है जहां अनाज रखने की ना तो फर्श है ना ही कोई सैड बना हुआ है ना ही कोई बाउंड्री है ना बेहतर पेय जल संसाधन है जिससे किसान व उसका अनाज असुरक्षित है उक्त स्थल पर किसानों को भारी समस्या आ रही है किसान हैरान एवं परेशान है क्षेत्रीय किसानों की मांग है कि साख सहकारी समिति के बड़वारा खरीदी केंद्र में कर दिया जाए। तदसंबंध में क्षेत्रीय किसान डॉ राजेश चौहान शिव कुमार सोनी ओंकार पटेल तुलसा बाई छोटे लाल सोनी जगदीश राय शिव कुमार सिंह विजय शंकर सिंह राम किशोर कचेर रजनी गुप्ता रामकृपाल शर्मा राम प्रसाद गुप्ता लखनलाल इत्यादि ने जिला खाद अधिकारी को पत्र लिखकर किसानों के हित में पत्र पर आग्रह किया है कि बड़वारा के साख सहकारी समिति एवं शासकीय कृषि उपज मंडी में फसलों का धान खरीदी केन्द्र बनाने का आदेश जारी करने की मेहरबानी करें।

# विकलांग दिवस पर हुआ विधिक जागरूकता कार्यक्रम



**कटनी।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष, श्यामाचरण उपाध्याय के मार्गदर्शन में, जिला न्यायाधीश व सचिव दिनेश कुमार नोटिया के दिशा-निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं सामाजिक सेवा संस्थाओं के सहयोग से 3 दिसम्बर को विकलांग दिवस के अवसर पर फारेस्टर ग्राउण्ड कटनी में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी प्रदान की। इसके साथ ही विभिन्न प्रकार की खेल-कूद एवं अन्य गतिविधियां भी आयोजित की गयी। समरिटन नेत्र हास्पिटल पतेरी द्वारा नेत्र शिविर भी आयोजित किया गया, जिसमें 250 दिव्यांग बच्चों का परीक्षण किया गया। उक्त शिविर में 80 बच्चों को निःशुल्क दवाईया एवं 50 बच्चों को निःशुल्क चश्मा वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम में जिला शिक्षा विभाग के अधिकारी विनय दुबे,एन.के. श्रीवास्तव, निधि चतुर्वेदी, सरमन तिवारी, समाजसेवी रेखा अंजु तिवारी, दिव्यांग कल्याण ऐसोसियेशन के प्रांतीय संयोजक कुंअर मार्तण्ड सिंह, राकेश सिनकर, प्रेमशंकर भारती, खेलकूद युवा अधिकारी विजय भार, आरती डेंगर, लवकुश द्विवेदी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## स्वर्णकार समाज की महासभा की बैठक कल रविवार को

**कटनी।** अयोध्यावासी स्वर्णकार समाज की महासभा की आवश्यक बैठक कल 5 दिसम्बर रविवार को दोपहर दो बजे जगन्नाथ तिराहा के पास स्थित अयोध्यावासी स्वर्णकार धर्मशाला में आयोजित की गई है। बैठक में संरक्षक, कार्यकारिणी पदाधिकारियों, सदस्यों नवयुवक एवं महिला मंडल सदस्यों को आमंत्रित किया गया है। समाज के महामंत्री विजय स्वर्णकार ने बताया कि बैठक में स्वर्णकार समाज की धर्मशाला के लिए जमीन क्रय किये जाने के संबंध में चर्चा की जायेगी।

**भूखण्ड /भवन नामांतरण हेतु सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि **श्रीमती शिल्पा जैन** निवासी नेहरू वार्ड कटनी (म.प्र.) ने शांति नगर कालोनी कटनी स्थित भवन क्रमांक एल.आई.जी. 23 के लीज नामांतरण बावत आवेदन किया है। यह भवन श्रीमती सरोज तिवारी के नाम से आवंटित है। यदि भूखण्ड/भवन का लीज नामांतरण/हस्तांतरण **श्रीमती शिल्पा जैन** के पक्ष में किये जाने पर किसी व्यक्ति/पारिवारिक सदस्यों**/वित्तीय संस्था/बैंक आदि को** कोई आपत्ति है तो वे ठोस प्रमाण के साथ, अपनी आपत्ति इस सूचना प्रकाशन के उपरांत 15 दिवस की अवधि के अंदर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर नामान्तरण की कार्यवाही आवेदक के पक्ष में कर दी जावेगी। इसके उपरांत कोई दावा आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**संपदा अधिकारी म.प्र.गृ.नि. एवं अधो.वि. मण्डल संभाग, कटनी**

# खेलकूद व सामर्थ्य प्रदर्शन प्रतियोगिता में दिव्यांगों ने दिखाए जौहर

अशासकीय महात्मागांधी उमावि खेल मैदान में आयोजित हुई प्रतियोगिता



**कटनी।** राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के आदेशानुसार जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र कटनी के निर्देशन एवं विकासखण्ड स्त्रोत केन्द्र समन्वयक ढीमरखेडा के मार्गदर्शन में कोविड प्रोटोकाल का पालन करते हुये जनपद शिक्षा केन्द्र ढीमरखेड़ा के अशासकीय महात्मागांधी उमावि खेल मैदान में विकासखण्ड के दिव्यांग छात्र-छात्राओं की सामर्थ प्रदर्शन एवं खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यकार्यपालन अधिकारी विनोद पाण्डेय द्वारा किया गया। आयोजन में छात्र छात्राओं की चित्रकला, रंगोली, क्रिकेट बाड जम्प, कुर्सी दौड, 50 मीटर दौड़ सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। जिसमें विकासखण्ड के दूरस्थ ग्रामों से आये लगभग 70 दिव्यांग बच्चों द्वारा भाग लिया गया। इस कार्यक्रम में स्थानीय जनसमुदाय ने बढचढ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में जनपद शिक्षा केन्द्र ढीमरखेडा के एमआरसी लवकुमार द्विवेदी द्वारा महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम में राम सिया सिंह बघेल बीआरसी, शिक्षक नेता सुरेश त्रिपाठी, स्थानीय बीएसी एवं सीएसीए उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी विजेजा घोषित विद्यार्थीयों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान आने पर पुरूस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित सभी जनों एवं विद्यार्थीयों को लंच पैकेट नास्ता आदि की व्यवस्था दी गई।

# दिसंबर से फरवरी तक 78 दिन रद्द रहेगी सारनाथ एक्सप्रेस

एक दिशा में बुधवार, शुक्रवार, रविवार तो दूसरी दिशा में गुरूवार, शनिवार व सोमवार को नहीं चलेगी ट्रेन

**कटनी।** कोरोना के बाद अब घने कोहरे की मार रेल सेवाओं पर पड़ना शुरू हो गई है। कोहरे का सबसे ज्यादा असर उत्तर भारत की ओर आने व जाने वाली ट्रेनों पर पड़ रहा है। उत्तर भारत की ओर आने व जाने वाली ट्रेनें 28 फरवरी तक प्रभावित रहेंगी। सर्दियों में घने कोहरे को ध्यान रखते हुए रेल प्रशासन ने एक अहम फैसला लिया है। कोहरे के कारण दुर्ग से छपरा के बीच कटनी जंक्शन होकर चलने वाली दुर्ग-छपरा-दुर्ग सारनाथ एक्सप्रेस 01 दिसम्बर से 28 फरवरी 2022 तक प्रभावित रहेगी। रेलवे बोर्ड नई दिल्ली के निर्देश अनुसार 01 दिसंबर से 28 फरवरी 2022 तक घना कोहरा होने के कारण कई गाड़ियों को रद्द कर दिया गया है। इसीक्रम में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल की सारनाथ एक्सप्रेस को 01 दिसम्बर 2021 से 28 फरवरी 2022 तक विभिन्न तिथियों में रद्द किया जाएगा। ट्रेन रद्द होने की वजह से यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

**कोरोना के बाद ट्रेनों के परिचालन में कोहरा बना बाधक**

## इतने दिन प्रभावित रहेगी ट्रेन

गाड़ी संख्या 15159 छपरा-दुर्ग सारनाथ एक्सप्रेस ट्रेन बुधवार, शुक्रवार, रविवार को दिसम्बर महीने में दिनांक 01, 03, 05, 08, 10, 12, 15, 17, 19, 22, 24, 26, 29 और 31 दिसम्बर 2021 को रद्द रहेगी। इसी तरह जनवरी महीने में दिनांक 02, 05, 07, 09, 12, 14, 16, 19, 21, 23, 26, 28 और 30 जनवरी 2022 को रद्द रहेगी। वहीं फरवरी महीने में दिनांक 02, 04, 06, 09, 11, 13, 16, 18, 20, 23, 25 और 27 फरवरी 2022 को रद्द रहेगी। इसी प्रकार वापसी में गाड़ी संख्या 15160 दुर्ग-छपरा सारनाथ एक्सप्रेस गुरुवार, शनिवार, सोमवार को दिसम्बर महीने में 02, 04, 06, 09, 11, 13, 16, 18, 20, 23, 25, 27 और 30 दिसम्बर 2021 को रद्द रहेगी। इसी तरह जनवरी महीने में दिनांक 01, 03, 06, 08, 10, 13, 15, 17, 20, 22, 24, 27, 29 और 31 जनवरी 2022 को रद्द रहेगी। वहीं फरवरी महीने में दिनांक 03, 05, 07, 10, 12, 14, 17, 19, 21, 24, 26 और 28 फरवरी 2022 को रद्द रहेगी।

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन :- 230033

किराये से देना है
सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने
जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340

mgm HOSPITAL We Care with Care
एम.जी.एम. में अब जनरल सर्जन एवं पेट रोग विशेषज्ञ अब 24 घण्टे उपलब्ध।



Our Specialist
डॉ.एस.के.सिंह
M.B.B.S., M.S.
सीनियर जनरल एण्ड लेप्रोस्कोपी सर्जन
पूर्व चिकित्सक-
पोद्दार हॉस्पिटल , कोलकाता।
25 वर्ष का दूरबीन सर्जरी एवं अन्य सर्जरी का अनुभव।
आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत इलाज एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध।
For Appointment call or Visit
OPD Timing - Everyday 10:30AM to 02:30PM & 05:30PM-09:00PM
एम.जी.एम. HOSPITAL
कचहरी चौक, फारेस्ट प्ले ग्राउंड के सामने, कटनी (मप्र) 483501
फोन नं: 07622-405070-71-72
Email: info@mgmhospitalkatni.com
Website: www.mgmhospitalkatni.com
NABH

# जीएम के लिए चमकाया जा रहा रेल्वे स्टेशन

इंजीनियरिंग विभाग द्वारा व्यवस्थाओं को कराया जा रहा दुरुस्त, फटकार से बचने छिपाई जा रहीं कमियां





### भरे जा रहे सड़कों के गड्ढे, चमकाई जा रही दीवारें

**कटनी।** अमूमन रेलवे बेहतर काम और अच्छी सुविधाओं के लिए जाना जाता रहा है लेकिन कुछ समय से यहां पर भी सुविधाओं की न सिर्फ अनदेखी हो रही है बल्कि ठीक समय पर काम नहीं हो रहे। सिर्फ बड़े अफसरों के दौरे के समय ही व्यवस्था चकाचक दिखाने की कवायद चलती है। ऐसा ही एक सप्ताह से कटनी में चल रहा है। 10 दिसंबर को पश्चिम मध्य रेलवे के जीएम का दौरा प्रस्तावित था। उनके आगमन को लेकर नाकामियों को छिपाने के लिए अफसर भाग दौड़ मचाए हुए हैं। गड्ढों वाली सड़क को पाटा जा रहा है। स्टेशन के आसपास की सड़कें ठीक कराई जा रही हैं। जीएम को व्यवस्था चकाचक दिखेंए इसके लिए अफसर डटे हुए हैं। यह बात अलग है कि अब दौरा 27 दिसंबर तक होने वाला है। रेलवे के अफसरों ने राहत की सांस ली है कि अभी कुछ दिन का और समय मिल गया है। हालांकि लगभग एक माह में फिर व्यवस्था बदरंग होने का डर सता रहा है क्योंकि सीनरी आदि का भी काम हो गया है। इसमें बजट का भी जमकर खेल हा रहा है।

### कमियां छिपाने भरसक प्रयास

गौरतलब है कि जीएम के दौरा से पहले रोड बनवाई जा रहीं हैं। प्लेटफॉर्म क्रमांक पांच के पीछे की सड़क को बनाया गया है। इसके अलावा स्टेशनों के आसपास की दीवारों की छपाई व पुताई कराई जा रही है। स्टेशनों में रेलिंग भी लग रही हैं। फूड प्लाजा के पास रेलिंग लगा दी गई है, बाहर वाले एफओबी पर रेलिंग लगा दी गई है। अस्पताल की दीवार बनवा दी गई है। पीआरएस शेड में भी काम होने वाला है। चेम्बर आदि को भी ठीक कराया जा रहा है। कोच गार्ड डिस्प्ले आदि पर भी काम चल रहा है।

### कई निर्माणकार्यों का होना है लोकार्पण

बता दें कि कटनी में आरइ ऑफिसर रेस्ट हाउस का निर्माण हुआ है। एनकेजे में थ्री स्टार सुविधा का रनिंग रूम, मुड़वारा स्टेशन में नया टीटी रेस्ट हाउस बना है उसका शुभारंभ होना हैए उसको लेकर तैयारी चल रही है। जीएम द्वारा इनका शुभारंभ कराया जाना है हालांकि ये कई दिनों से बनकर तैयार हैं। उल्लेखनीय है कि अभी हाल में चल रहे मरम्मत आदि के काम राकेश सिंह एइएन के निर्देशन में सभी काम चल रहे हैं। हालांकि इस संबंध में अधिकारी कुछ भी कहने से बचते नजर आए।

# प्रभार ग्रहण करते ही रीठी पहुंचीं एसडीएम,अर्धवार्षिक परीक्षा का लिया जायज़ा

**रीठी।** कटनी और रीठी तहसील का प्रभार सम्हालने के बाद पहले ही दिन नवागत एस डी एम प्रिया चन्द्रावत ने रीठी पहुंच कर माडल हायर सेकेंडरी स्कूल में चल रही अर्धवार्षिक परीक्षा का जायजा लिया तथा परीक्षा के दौरान कोरोना प्रोटोकॉल का पुर्णतः पालन होते देखकर संतोष जताया। गौरतलब है कि रीठी के गुरजी कला स्थित शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल में इन दिनों कक्षा नवमीं से लेकर कक्षा बारहवी तक की अर्धवार्षिक परीक्षा दो पालियों में संचालित की जा रही। सुबह की पाली में नवमी एवं ग्यारहवी की तथा दूसरी पाली में दसवीं और बारहवीं की परीक्षा ली जा जा रही। प्राचार्य चन्द्र भूषण दुबे ने बताया परीक्षा शुरू होने से पहले कमरों को सेनेटाइज किया जाता है तथा साबुन से हाथ धुलाकर ही बच्चों को परीक्षा हॉल में प्रवेश दिया जाता है। बच्चों की बैठक व्यवस्था में सोशल डिस्टनसिंग का पालन किया जा रहा। एस डी एम ने परीक्षा केंद्र की व्यवस्थाओं पर संतोष जाहिर करते हुए बच्चों के स्वास्थ्य का पूरा ध्यान रखे जाने के निर्देश दिये।



# बड़े भाई से मारपीट के आरोपी को एक वर्ष का सश्रम कारावास

सीजेएमएफसी ने 500 रूपए का अर्थदंड भी लगाया

**कटनी।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत घर में घुसकर बड़े भाई के साथ मारपीट करने के आरोपी छोटे भाई राकेश रंजन शुक्ला को न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी की न्यायालय ने धारा 324 में एक वर्ष का सश्रम कारावास व 500 रूपए अर्थदंड की सजा से दंडित किया है। प्रकरण में पैरवी सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी धर्मेन्द्र कुमार तिवारी द्वारा की गई। अभियोजन पक्ष के मुताबिक अभियुक्त आहत अजय रंजन शुक्ला का छोटा भाई है। दिनांक 18/12/2012 को अपरान्ह लगभग 12 बजे आहत अपने घर पर था। उसी समय अभियुक्त उसके घर में घुसकर गंदी-गंदी मां-बहन की गालियां दे रहा था। उसने गाली देने से मना किया तो अभियुक्त घर का सामान उठाकर फेंकने लगा और टेबल व स्टूल तोड़ दिया।



अभियुक्त ने लोहे के पाइप से उसे बाएं हाथ, गर्दन में मारा। उसने पाइप पकड़ लिया तो अभियुक्त ने उसके दाहिने हाथ की भुजा में दांत से काट दिया। अभियुक्त ने उसे दाहिने हाथ की कलाई एवं हथेली में भी मारा। अभियुक्त ने धमकी दी कि ज्यादा करेगा और रिपोर्ट करेगा तो जान से खत्म कर देगा। उसके द्वारा घटना की रिपोर्ट थाना कोतवाली में दर्ज करवायी गयी। रिपोर्ट पर कोतवाली पुलिस ने धारा 324 का अपराध कायम किया गया। मामले में मौके के साक्षी और फरियादी के कथन व अभिलेख पर आये साक्ष्य एवं अभियोजन द्वारा दिये गये तर्कों से सहमत होते हुये अपराध प्रमाणित पाया और आरोपी को 1 वर्ष का सश्रम कारावास और 500 रूपये के अर्थदण्ड की सजा से दंडित किया।

### जिलाबदर के आरोपी को 1 वर्ष की सजा

न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी की न्यायालय ने माधवनगर थाना के एक प्रकरण में जिलाबदर अवधि के दौरान जिला कटनी की सीमा में पाये जाने पर व जिला दण्डाधिकारी कटनी के आदेश का उल्लंघन पाये जाने पर अभियुक्त विजय सिंह ठाकुर को धारा 14 म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 के अंतर्गत 1 वर्ष का कारावास और 200 रूपये के अर्थदण्ड की सजा से दंडित किया है। प्रकरण में पैरवी सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी श्रीमति ज्योति झारिया के द्धारा की गई। अभियोजन पक्ष के मुताबिक दिनांक 03/05/2014 को माधवनगर के प्रधान आरक्षक को भ्रमण दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि जिलाबदर का आरोपी ग्राम छहरी निवासी विजय सिंह ठाकुर जो थाना माधवनगर का पूर्ण निगरानी बदमाश है। तांगा स्टेण्ड मे घूम रहा है। जिला दंडाधिकारी कटनी द्वारा पारित आदेश में आरोपी को कटनी एवं उससे लगे जिले जबलपुर, दमोह, पन्ना, सतना एवं उमरिया की समस्त सीमाओं से आगामी 01 वर्ष की अवधि के लिये निष्कासित किया गया था। आरोपी द्वारा उक्त आदेश का उल्लंघन करना पाये जाने पर धारा 14 म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 का अपराधी होने से गिरफ्तार कर अपराध क्रमांक 247/2014 का अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। अभियोजन द्वारा दिये गये तर्कों से सहमत होते हुये अपराध प्रमाणित पाया और आरोपी को 1 वर्ष का सश्रम कारावास और 200 रूपये के अर्थदण्ड की सजा से दंडित किया है।



# स्कार्पियों ने लगाया जाम

मिशन चौक अंडर पास में लगा भीषण जाम

**कटनी।** मिशन चौक अंडर पास के नीचे वाहन खराब होने की वजह जाम लगने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। यहां आए दिन वाहन खराब होने की वजह से लोगों को भीषण जाम का सामना करना पड़ता है। शुक्रवार की दोपहर मिशन चौक अंडर पास में घुसते ही पाटन के पूर्व विधायक का स्कार्पियों वाहन क्रमांक एम.पी.20डब्लूए-7777 खराब हो गया। जिसके कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी-लंबी कतारे लग गईं। हालांकि जानकारी लगते ही यातायात पुलिस कर्मियों ने मोर्चा संभाला और जाम में फंसे वाहनों को धीरे-धीरे निकालना शुरू किया। बाद में बिगड़े वाहन में सुधार कार्य होने के बाद स्थिति सामान्य हुई और जाम में फंसे लोगों ने राहत की सांस ली।



# रेड सिग्नल जंप करने पर सायना की नन्ही छात्रा ने पिता को पढ़ाया यातायात नियमों का पाठ

सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ वीडियो

**कटनी।** वाहन चलाते समय जल्दबाजी के चक्कर में लोग यातायात नियमों का पालन नहीं करते। इतना ही नहीं, तिराहा-चौराहों पर सिग्नल का भी ध्यान नहीं रखते। कई बार ऐसी स्थिति होती है कि लोग जल्दबाजी में हादसे का शिकार होते हैं। एक ऐसा ही वाक्या शुक्रवार को माधवनगर गेट के समीप सामने आया। एक नन्ही बच्ची को भी पता है कि यातायात नियमों का पालन करना कितना आवश्यक है। झिंझरी स्थित सायना स्कूल में पढ़ने वाली बेटी समृद्धि पांडेय के पिता उसे स्कूल लेकर जा रहे थे। तभी यातायात विभाग, थाना माधवनगर की संयुक्त चैकिंग के दौरान यातायात प्रभारी सूबेदार विनोद दुबे ने रेड लाइट जम्प करते एक वाहन चालक को रोका तो वाहन चालक की बच्ची पुलिस के सामने ही अपने पापा को यातायात का पाठ पढ़ाने लगी। यूकेजी में पढ़ने वाली बेटी समृद्धि ने कहा कि पापा को कितने बार बोला मैने कि जब ट्रैफिक सिग्नल रेड होता है तो रुका करो। जब मैं बोलती हूं रुका करो तो रुकते ही नहीं हैं। एक तो नियम तोड़ने से पुलिस पकड़ लेगी व रेड सिग्नल का मतलब ही होता है कि स्टॉप, सिग्नल पर रुको वर्ना गए काम से। इस वीडियो को देखकर लोगों को महसूस हुआ कि क्यों बाल्यावस्था में ही यातायात नियमों की जानकारी देना आवश्यक है।



# भाजपा की रीति,नीति, कार्यक्रमों और सिद्धांतों से कार्यकर्ताओं को परिचित करा रहा प्रशिक्षण वर्ग

**कटनी।** भारतीय जनता पार्टी में प्रशिक्षण वर्गों का होना एक निरंतर प्रक्रिया है। वास्तव में प्रशिक्षण वर्ग भारतीय जनता पार्टी के अभिन्न अंग है। प्रशिक्षण वर्ग में प्रशिक्षण लेकर भाजपा कार्यकर्ता वैचारिक रूप से मजबूत बनता है और समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करता है। प्रशिक्षण वर्ग से भाजपा में योग्य कार्यकर्ताओं का निर्माण होता है। भारतीय जनता पार्टी कटनी में आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में 15 सत्र आयोजित होंगे जिसमें कटनी जिले जिला कार्यसमिति के सदस्यों जिला पाधिकारियों की उपस्थिति है। कल आयोजित 4 सत्रों से प्रथम सत्र में चमनलाल आनंद की अध्यक्षता में प्रदेश के वरिष्ठ पाधिकारी सुरेश देशपांडे ने अपनी कार्यपद्धति और संगठन संरचना में हमारी भूमिका विषय पर, द्वितीय सत्र भवरसिंह चौहान की अध्यक्षता में प्रदेश के वरिष्ठ पाधिकारी विनोद मिश्रा ने हमारा विचार परिवार विषय पर एतृतीय सत्र श्रीमती रुकमणी बर्मन की अध्यक्षता में प्रदेश के वरिष्ठ पाधिकारी दीपांकर बैनर्जी ने आत्मनिर्भर भारत विषय पर चतुर्थ सत्र में किशन राय की अध्यक्षता में प्रदेश के वरिष्ठ पाधिकारी विनोद गोटिया ने भारत का बढ़ता सुरक्षा सामर्थ्य विषय पर अपना उदबोधन दिया ।




# पुलिस की चालानी कार्रवाई से मचा हड़कंप, कई वाहन चालकों ने बदला रास्ता

**कटनी।** कोतवाली के बाहर पुलिस कर्मियों ने बगैर हेलमेट लगाए दो पहिया वाहन चलाने वालों के खिलाफ चालान की कार्रवाई का अभियान चलाया। करीब एक दर्जन दो पहिया वाहन चालक बगैर हेलमेट लगाकर वाहन चलाते हुए मिले। जिनके पुलिस द्वारा चालान काटकर जुर्माना वसूल किया गया। कोतवाली के बाहर की जा रही कार्रवाई से दो पहिया वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। कार्रवाई से बचने के लिए कुछ वाहन चालक अपना रास्ता बदलते भी नजर आए।



# तीसरी राष्ट्रीय मास्टर्स एथलेटिक्स प्रतियोगिता में कटनी को मिला पदक

**कटनी।** डॉ संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम सिगरा वाराणसी यूपी में आयोजित तृतीय राष्ट्रीय मास्टर्स एथलेटिक्स प्रतियोगिता में कटनी जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर प्रदेश और जिले का नाम रोशन किया है। कदमा के मीडिया प्रभारी आदेश खरया ने बताया कि इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में संपूर्ण भारत के 2500 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें मध्य प्रदेश के 120 खिलाड़ियों में कटनी जिले के 5 खिलाडी राजेश मनोधया, आलोक जोसेफ, जगदीश गुप्ता, ब्रजमोहन प्यासी, राजकुमार सोनखरे ने भी मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर शानदार प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता के 5000 मीटर पैदल चाल इवेंट में कटनी के जगदीश गुप्ता खेल शिक्षक एबार्डसले इंग्लिश सीनियर सेकेंडरी स्कूल कटनी द्ध ब्राउंस मेडल प्राप्त कर कटनी जिले को गौरवान्वित किया।




देवपद स्किन एवं हेयर क्लीनिक
डॉ. कनिका अग्रवाल
M.B.B.S. D.D.V. (Mumbai)
सौन्दर्य एवं चर्मरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक नानावटी हॉस्पिटल मुम्बई
कील मुहॉसे, दाद, खाज, खुजली, एलर्जी, टेनिंग, सफेद दाग, कुष्ठ रोग, मस्सा, तिल, कार्न वार्ट, सोराएसिस, एक्जीमा, एंटी एजिंग, नाखुन के रोग, बाल झड़ना, शिशु चर्मरोग, कान की सिलाई, पी.आर.पी केमिकल पीलिंग, मेडिफेशियल, डर्मारोलर
मिलने का समय-सुबह 9:30 बजे से दोप.11:30 बजे तक एवं सायं 4:30 बजे से सायं 7:30 बजे तक।
महावीर कीर्ति स्तंभ के सामने झंडा बाजार, कटनी मो. 7045044274

JOHNSON
Not just tiles, Lifestyles.
सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
समर्थ मार्बल एण्ड ग्रेनाइट
पता- टीवीएस शोरूम के बाजू में जबलपुर रोड, बरगवां कटनी मो. 9425153498, 7067666668

रत्ना मैरिज गार्डन
मुड़वारा स्टेशन के पास
शहर के मध्य सुविधाओं से युक्त विशाल परिसर
बजट आपका व्यवस्था हमारी
एक बार अवश्य पधारें
शादी विवाह व अन्य आयोजन के लिए 100 व्यक्तियों के ठहरने की उत्तम व्यवस्था, जनवासा अलग से
पानी, बिजली और पार्किंग की बेहतर व्यवस्था
पाठक वार्ड, कटनी
संपर्क :- 9425466630, 7999523588
शहर के मध्य क्षेत्र में मीटिंग, कान्फ्रेंस, बर्थ-डे पार्टी एवं अन्य बड़े आयोजनों के लिए बेहतर स्थान
कोरोना गाइड लाइन के तहत ही सभी कार्यक्रम का आयोजन होगा

ड्यूरेबल डिज़ाइनर फर्नीचर की फुल रेंज
अब है स्मार्ट फर्नीचर का जमाना
FURNITO
THE FURNITURE HUB...
गौरी शंकर मंदिर के पास, खैबर लाइन, माधव नगर कटनी (म.प्र.)
- Call - 9770037027

पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist
डॉ. स्मिता बजाज
MBBS, DTCD, CCEDM
टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट
मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना
नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है ।
संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)
कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009

CITY Mall
EVERYTHING UNDER ONE ROOF
AVAILABLE FACILITIES
SHOPPING FUN FOOD ENTERTAINMENT HOSPITALITY
ASSOCIATED WITH
BIG BAZAAR Reliance digital TRENDS PLANET FASHION U-TURN BOLSA GALAXY GAME ZONE CITY PRIDE Cinema Food Junction The Food Court HOTEL GRAND MERIDIAN FLAVOURS Multi Cuisine Family Restaurant GRAVITY THE PUB
City Mall, Near Main Railway Station, Barhi Road, Katni (M.P)
Phone : +91 7622 422408, email : citymallkatni@gmail.com

Katni's No. 1
M. 94258 01294
मंजूश्री LIFESTYLE
कोट सूट।।शेरवानी।।इंडो वेस्टर्न।।ब्लेजर।।कुर्ता जैकेट
MUFTI BLACKBERRYS OCTAVE KILLER
पता- खिरहनी ओव्हरब्रिज के पास हीरागंज, कटनी (म.प्र.) 483501



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)